Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide urea and DAP at subsidised rates to farmers in Chhattisgarh.

श्री अरूण साव (बिलासपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे नियम 377 के अधीन अत्यंत महत्वपूर्ण लोक महत्व का विषय उठाने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए धन्यवाद।

प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की तरक्की के लिए काम कर रही है। रासायनिक खादों में एक बड़ी सब्सिडी यूरिया में लगभग 2,700 रूपये, डी.ए.पी.में लगभग 2,500 रूपये प्रति बोरी मोदी जी की सरकार किसानों को दे रही है, परंतु छत्तीसगढ़ में कथित रूप से कालाबाजारी हो रही है और किसानों का शोषण हो रहा है। अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इस विषय पर संज्ञान लेकर राज्य सरकार को निर्देशित करें कि वे किसानों को निर्धारित दर पर यूरिया, डी.ए.पी. आदि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।